**The**
# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

**24 – 05 – 2023**

**WEDNESDAY**



## 1 जापान की मेजबानी में आयोजित हुआ क्वॉड शिखर सम्मेलन-2023



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को जापान के हिरोशिमा (Hiroshima) में क्वाड (Quad) देशों के राष्ट्राध्क्षों के साथ बैठक की. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें 2024 में भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथोनी अल्बनीज और जापानी पीएम फुमियो किशिदा के साथ ही मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा कि इस क्वाड समिट में हिस्सा लेते हुए मुझे खुशी हो रही है. कि क्वाड समूह इंडो-पैसिफिक में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है कि इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा और सफलता केवल इस क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि विश्व के लिए महत्वपूर्ण है. रचनात्मक एजेंडा के साथ, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि साझा प्रयासों के साथ मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक के हमारे विजन को व्यावहारिक आयाम दे रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को इस समिट की सफल अध्यक्षता के लिए अभिनंदन और बधाई देता हूं.

## 2. वैश्विक जैवेलिन रैंकिंग में नीरज चोपड़ा बने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी




टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा दुनिया के नंबर एक जेवेलिन थ्रोअर बनने वाले देश के पहले एथलीट बन गए हैं।देश का कोई एथलीट आज तक नंबर एक के पायदान पर नहीं पहुंचा था।विश्व एथलेटिक्स की ओर से जारी वरीयता क्रम में नीरज को 1455 अंकों के साथ नंबर एक की रैकिंग दी गई है। उन्होंने विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडर्सन पीटर्स को 22 अंकों से पीछे छोड़ दिया है।25 वर्षीय नीरज 30 अगस्त, 2022 से विश्व नंबर दो के वरीयता क्रम पर थे। पीटर्स अब तक नंबर एक जेवेलिन थ्रोअर बने हुए थे, लेकिन पांच मई को दोहा में 88.67 मीटर के साथ स्वर्ण जीतने के बाद वह पीटर्स को नंबर एक की गद्दी से नीचे उतारकर खुद इस पर विराजमान हो गए हैं। 89.94 मीटर का राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करने वाले नीरज अब विश्व नंबर एक बनकर चार जून को फैनी ब्लैंकर्स कोएन खेलों में नीदरलैंड में खेलने उतरेंगे।इसके बाद वह 13 जून को टुर्कू (फिनलैंड) में पावो नूरमी गेम्स में खेलेंगे। यहां उन्होंने बीते वर्ष रजत जीता था।

## 3. भारत-इजरायल की साझेदारी में आईआईटी मद्रास में स्थापित, किया जाएगा 'भारत-इजरायल जल प्रौद्योगिकी केंद्र'



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास ने 'भारत-इजरायल जल प्रौद्योगिकी केंद्र' (CoWT) स्थापित करने के लिए इजरायल के साथ साझेदारी की है। इस संयुक्त पहल का उद्देश्य भारत में जल संसाधन प्रबंधन और जल प्रौद्योगिकियों में चुनौतियों का समाधान करना है।केंद्र के लिए आशय पत्र (एलओआई) पर दोनों देशों के प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए, भारत-इजरायल जल प्रौद्योगिकी केंद्र भारतीय संदर्भ में इजरायल की उन्नत जल प्रौद्योगिकियों को लागू करने के लिए मानव क्षमता के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। जल प्रबंधन

में वैश्विक चैंपियन के रूप में जाने जाने वाले इजरायल की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, केंद्र का उद्देश्य भारत की जल आवश्यकताओं के लिए तैयार समाधान विकसित करना है। यह सहयोग भारत के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) 'अमृत' मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह जल प्रबंधन से संबंधित प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक जानकारी और साहित्य के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करेगा।

### 4. जापान के योकोहामा में गोल्डन ग्रां प्री 2023 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत की शैली सिंह ने जीता कांस्य पदक




भारत की प्रतिभाशाली युवा शैली सिंह ने को सेको गोल्डन ग्रां प्री में महिलाओं की लंबी कूद में 6.65 मीटर के विश्वसनीय प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता. 19 वर्षीय शैली की 6.65 मीटर की पहले दौर की छलांग वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड-लेवल इवेंट में उनकी सर्वश्रेष्ठ रही, हालांकि यह उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से 11 सेमी नीचे थी। उसका प्रयास +2.1 मी/से की गति से हवा की सहायता से किया गया था जो कि +2.0 मी/से की अनुमेय सीमा से अधिक है। वह तीसरे दौर तक प्रतियोगिता कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही थी। जर्मनी की मैरीस लुजोलो ने 6.79 मीटर की हवा से कूदकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की ब्रुक बुशकुहल 6.77 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पेरिस में 2003 के संस्करण में लंबी छलांग कांस्य के साथ किसी भी विश्व चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में भारत की पहली पदक विजेता अंजू ने कहा, "उसका भविष्य उज्ज्वल है, इसमें कोई संदेह नहीं है

### 5. राजस्थान में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर जिले में बनाई जाएगी 2-2 'लव-कुश वाटिका



मुख्यमंत्री निवास पर वन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए सीएम ने कई निर्देश जारी किए. इस वाटिका को गढ़ने में करीब 2-2 करोड़ रुपए का खर्च आएगा. गहलोत ने औषधीय पौधे वितरित करने की योजना को व्यवहारिक करार दिया और जोर दिया कि इसका दायरा और बढ़ाया जाए. उन्होंने राय दी कि भविष्य में औषधीय के साथ फलदार पौधों का भी वितरण किया जाए. वन अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका कार्य चुनौतीपूर्ण और रोचक है. साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वन्यजीव संरक्षण और वनों के विस्तार को भी जरूरी बताया विभागीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के साथ बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करें. वन क्षेत्र विकसित करने, मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आमजन को सहभागी बनाएं. गहलोत ने निर्देश दिया कि राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SIIAA) में पर्यावरण मंजूरी के प्रकरणों का निश्चित समयावधि में और पारदर्शिता के साथ निपटारा किया जाए,

### 6. भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश को सौंपे 20 ब्रॉड गेज इंजन




द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए, भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश को 20 ब्रॉड गेज (बीजी) इंजन सौंपे हैं। रेल भवन में आयोजित डिजिटल हैंडओवर समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बांग्लादेश के रेल मंत्री मोहम्मद नुरुल इस्लाम सुजान ने भाग लिया। 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के इन इंजनों से बांग्लादेश के रेलवे नेटवर्क को बढ़ाने और यात्री एवं मालगाड़ियों के परिचालन में सुधार करने में मदद मिलेगी।भारतीय रेलवे ने बांग्लादेश रेलवे की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इंजनों में संशोधन किए हैं। इन इंजनों को सौंपने से बांग्लादेश में यात्री और मालगाड़ी के संचालन की बढ़ती मात्रा को संभालने में योगदान मिलेगा।दोनों देश व्यापार में सुधार के लिए रेल कनेक्टिविटी के महत्व को पहचानते हैं और सीमा पार लिंक को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।र्तमान में भारत और बांग्लादेश के बीच चलने वाली तीन जोड़ी यात्री ट्रेनों को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है।

### 7. सौरव गांगुली बने त्रिपुरा टूरिज्म के ब्रांड एंबेसडर



टीम इंडिया के पूर्व कप्तान व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली त्रिपुरा के ब्रांड एंबेसडर बनने जा रहे हैं। इसके साथ ही राज्य की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने में योगदान देने की प्रतिबद्धता जतायी है। त्रिपुरा के पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी ने सचिव पर्यटन उत्तम कुमार चकमा और निदेशक तपन कुमार दास के साथ मंगलवार को गांगुली से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें पूर्वी राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सहर्ष प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और उम्मीद है कि अगर चीजें सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं , सौरव गांगुली कुछ महीनों में हमारे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा की पर्यटन क्षमता को पूरी दुनिया में बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रिय सौरव गांगुली से अधिक लोकप्रिय व्यक्तित्व कौन हो सकता है। कि गांगुली अगले महीने की शुरुआत में लंदन की यात्रा पर जाने वाले हैं और वहां से लौटने के तुरंत बाद वह जून के अंत में त्रिपुरा दौरा के साथ ही अपने मॉड्यूल पर काम करना शुरू कर सकते हैं।

### 8. गूगल पे ने शुरू की नई सुविधा, अब क्रेडिट कार्ड के जरिए कर पाएंगे यूपीआई पेमेंट




Google Pay यूजर्स के लिए अच्छी खबर है. दरअसल कंपनी ने भारत में Rupay  के साथ हाथ मिलाया है. इस डील के बाद यूजर्स अब क्रेडिट कार्ड के जरिए भी UPI पेमेंट कर सकेंगे. अभी ये फैसिलिटी सिर्फ डेबिट कार्ड्स पर मिलती है. फिलहाल अभी यह सुविधा सिर्फ रुपे (RuPay) क्रेडिट कार्ड के लिए शुरू की गई है. यानि अगर आपके पास rupay क्रेडिट कार्ड है तो आप इस सर्विस को शुरू कर सकते हैं यह सुविधा कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक, के RuPay क्रेडिट कार्ड

धारकों के लिए उपलब्ध है. कंपनी जल्द ही अन्य बैंकों को भी इस सुविधा से जोड़ने की तैयारी कर रही है. Google Pay की इस नई शुरूआत के बारे में बात करते हे गूगल पे के प्रोडक्ट मैनेजर शरद बुलुसू ने बताया कि Google Pay भारत के फाइनेंशियल इको सिस्काटम का एक भागीदार है. हर दिन लाखों की संख्या में लोग गूगल पे की मदद से डिजिटल पेमेंट करते हैं.

**QUIZ**

**1. हाल ही में तीर्थयात्रियों को मुफ्त हवाई यात्रा प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य कौन बना है**

a) राजस्थान
b) उत्तरप्रदेश
c) मध्यप्रदेश
d) कर्नाटक

**EXPLANATION - : मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को मुफ्त हवाई यात्रा प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना हैं। 21 मई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 32 वरिष्ठ नागरिकों को भोपाल से प्रयागराज की यात्रा पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना का उद्देश्य राज्य के बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का लाभ हवाई यात्रा से आसानी से उपलब्ध कराना है।**

**2. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के किस शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया**

a) नागासाकी
b) ओसाका
c) टोक्यो
d) हिरोशिमा

**EXPLANATION - : पीएम मोदी ने को जापान के हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया. इस दौरान पीएम ने कहा कि बापू के आदर्श क्लाइमेट चेंज और आतंकवाद की लड़ाई को जीतने का उत्तम मार्ग है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने को जापान के हिरोशिमा शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि शांति और सद्भाव को लेकर उनके आदर्श दुनियाभर में प्रतिध्वनित होते हैं**

**3. हाल ही में गुजरात के द्वारका में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग के स्थायी परिसर की आधारशिला किसने रखी**

a) द्रौपदी मुर्मू
b) जगदीप धनकड़
c) नरेंद्र मोदी
d) अमित शाह

**EXPLANATION- : केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में गुजरात के द्वारका में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग के स्थायी परिसर की आधारशिला रखी। इस अकादमी का उद्देश्य सालाना तीन हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों को व्यापक प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना है। 2018 में स्थापित, नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग पहली राष्ट्रीय अकादमी है जो समुद्री पुलिस कर्मियों को गहन प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित है।**

**4. कपिलेश्वर मंदिर, जिसे ASI की संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किया जा रहा है, किस राज्य में स्थित है**

A) तमिलनाडु
B) कर्नाटक
C) आंध्र प्रदेश
D) ओडिशा

**EXPLANATION - : भुवनेश्वर स्थित प्रसिद्ध कपिलेश्वर मंदिर को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित स्मारक सूची में जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि कपिलेश्वर मंदिर को एएसआई की संरक्षित स्मारक सूची में जोड़ने के लिए राजपत्रित अधिसूचना 5 मई को जारी की गई थी। संरचना के बेहतर रखरखाव और संरक्षण के लिए निर्णय लिया गया था। मंदिर के पुजारियों और स्थानीय निवासियों ने भी इस फैसले पर खुशी जाहिर की है।**

**5. किस देश में वर्ष 2025 को 'विशेष पर्यटन वर्ष' के रूप में मनाए जाने की घोषणा की है**

A) भूटान
B) श्रीलंका
C) नेपाल
D) बांग्लादेश

**EXPLANATION -:** नेपाल, हिमालय के मध्य में स्थित एक सांस लेने वाला देश, ने हाल ही में घोषणा की है कि वर्ष 2025 को 'विशेष पर्यटन वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा। इस रोमांचक पहल का उद्देश्य नेपाल में पर्यटन को बढ़ावा देना और बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों को आकर्षित करना है। अपने विविध परिदृश्यों, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और गर्म आतिथ्य के साथ, नेपाल साहसिक, आध्यात्मिक ज्ञान और प्राकृतिक सुंदरता चाहने वाले यात्रियों के लिए एक स्वप्निल गंतव्य है।

**6. पुरुषों की भाला फेंक रैंकिंग में भारतीय खिलाडी नीरज चोपड़ा वर्ल्ड में कौन से स्थान पर रहा है**

A) पहला
B) दूसरा
C) तीसरा
D) चौथे

**EXPLANATION - :** टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने 22 मई को पुरुषों की भाला फेंक में पहली बार नंबर एक रैंकिंग हासिल की। यह उनके करियर में एक प्रमुख मील का पत्थर है। नीरज चोपड़ा 1455 अंकों के साथ ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से 22 अंक आगे शीर्ष पर हैं। 30 अगस्त, 2022 को चोपड़ा वर्ल्ड नंबर 2 पर पहुंच गए, लेकिन तब से मौजूदा विश्व चैंपियन, पीटर्स उनसे आगे थे। 2022 में, नीरज ने सितंबर में ज्यूरिख में डायमंड लीग 2022 का फाइनल जीता, जिससे वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए।

**7. किसने इटालियन ओपन 2023 ख़िताब जीता है**

A) नोवाक जोकोविच
B) रोजर फ़ेडरर
C) डेनियल मेदवेदेव
D) एंडी मरे

**EXPLANATION - :** हाल ही में, हुए Italian Open 2023 के मुकाबलों में डेनिल मेदवेदेव (Daniil Medvedev) ने होल्गर रूने को 7-5, 7-5 से हराकर पुरुष एकल का खिताब जीता है। इसके अलावा महिला एकल में, एलेना रिबाकिना ने 2023 इटालियन ओपन के फाइनल में अनहेलिना कलिनिना को 6-4, 1-0 (सेवानिवृत्त) से हराया। आपको बता दे की यहाँ मेदवेदेव ने अपना पहला क्ले कोर्ट खिताब और छठा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता है।

**8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस देश की यात्रा करने वाले बने पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने है**

A) पापुआ न्यू गिनी
B) चिली
C) ज़ाम्बिया
D) कांगो

**EXPLANATION -:** पापुआन के प्रधान मंत्री जेम्स मारपे द्वारा आयोजित FIPIC शिखर सम्मेलन में भाग लिया , पापुआ न्यू गिनी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ लोगोहू और फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ फिजी प्राप्त किया। पापुआ न्यू गिनी एक ऐसा देश है जहां पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचे है, पीएम मोदी इससे पहले भी कई ऐसे देशों में गए हैं, जहां उनसे पहले कोई भी भारतीय पीएम नहीं गया।

**ONE LINER**

हाल ही में "शैली सिंह ने गोल्डन" ग्रांड 2023 में कौनसा पदक जीता है – कांस्य पदक

किस देश ने रिकॉर्ड 13वा सुदीरमन कप खिताब अपने नाम किया है – चीन

सरकार ने कब तक राजमार्गों के नेटवर्क को बढ़ाकर 02 लाख किमी, करने का लक्ष्य रखा है – 2025

हाल ही में तीर्थ यात्रियों को मुफ्त हवाई यात्रा प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य कौनसा बना है – मध्य प्रदेश

BSNL ने भारत में 4G नेटवर्क लगाने के लिए किस कंपनी के साथ समझौता किया है– TCS

2024 में क्वाड लीडर्स समिति की मेजबानी कौन करेगा – भारत

**प्रधानमंत्री मोदी को किस देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है – फिजी**

**प्रश्न 10 – हाल ही में किस देश में 2025 को विशेष पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जाएगा – नेपाल**

**हाल ही में भारत और किस देश के बीच "अल मोहद अल हिंदी 2023" नौसेना अभ्यास आयोजित किया जाएगा – सऊदी अरब**

**गृहमंत्री अमितशाह ने कहा नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग कैंपस की आधारशिला रखी है – गुजरात**

The ACHIEVERS IAS ACADEMY